पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी उत्तर प्रदेश राज्य शाखा की वार्षिक सामान्य बैठक

——————

रेडक्रास सदस्य जिलों पर कुष्ठ रोगियों की संख्या की जानकारी रखें और उनके हितों पर प्राथमिकता से कार्य करें

————

अधिक से अधिक टी0बी0 पेशेन्ट को पोषण और चिकित्सा व्यवस्था सहायता के लिए गोद लें

——————

महाविद्यालय और विश्वविद्यालय जाकर विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें

———————

रेडक्रास में महिला सदस्यों को जोड़ें

——————

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशा वर्करों, स्वयं सहायता समूहों को भी रेडक्रास का सदस्य बनाएं

—राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

——————

राज्यपाल ने रेडक्रास सोसाइटी उ0प्र0 लखनऊ की ब्लड कलेक्शन वैन को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया

——————

लखनऊ 31 अक्टूबर, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने की अध्यक्षता में आज यहां राजभवन स्थित गांधी सभागार में इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी, उत्तर प्रदेश राज्य शाखा की वार्षिक सामान्य बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि रेडक्रास के सदस्य अपने जिलों पर कुष्ठ रोगियों की संख्या, उनके आवास और रोजगार के साधनों की जानकारी रखें। उन्होंने कहा कि रेडक्रास सदस्य कुष्ठ रोगियों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनके हितों पर प्राथमिकता से कार्य करें। राज्यपाल ने कहा

प्रदेश को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने के लिए ये भी सुनिश्चित करें कि कुष्ठ रोगियों के बच्चे इस रोग से संक्रमित न हों।

जिलेवार रेडक्रास सदस्यों के कार्यों की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने जिलों पर उनके द्वारा टी0बी0 मरीजों को गोद लेने की दिशा में हुई प्रगति की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा प्रदेश को टी0बी0 मुक्त करने की दिशा में रेडक्रास सोसाइटी अपने कार्यों को और बेहतर करते हुए जिलों पर अधिक से अधिक मरीजों को पोषण एवं चिकित्सा व्यवस्था की सहायता के लिए गोद लें तथा गोद लिए मरीज के स्वस्थ हो जाने पर नए चिन्हित मरीज को गोद लेने की प्रक्रिया भी बनाएं। इसी क्रम में उन्होंने सदस्यों को रक्त संग्रहण कार्य के लिए जिलों पर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय जाकर विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने को कहा।

महिला सदस्यों की कम संख्या को लक्ष्य करते हुए राज्यपाल ने प्रदेश स्तर पर महिला सदस्यों को जोड़कर रेडक्रास में महिलाओं की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशावर्करों, स्वयं सहायता समूहों को भी रेडक्रास की सदस्यता में शामिल किया जाए। राज्यपाल जी बैठक में प्रदेश के सभी 75 जनपदों से चयनित रेडक्रास सदस्यों एवं प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रही थीं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने रेडक्रास सोसाइटी उ0प्र0 लखनऊ की ब्लड कलेक्शन वैन को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। बैठक की प्रक्रिया के तहत प्रदेश में सोसाइटी की महासचिव डा0 हिमाबिन्दु नायक द्वारा पांच मुद्दों पर चर्चा करते हुए आख्या प्रस्तुति और अनुमोदन प्रस्ताव रखे गए।

इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी उ0प्र0 के सभापति एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक द्वारा आडीटर नियुक्ति के संबंध में पुनः विज्ञप्ति प्रकाशन का सुझाव दिया गया। सोसाइटी की महासचिव ने अपनी आगामी कार्ययोजना के संबंध में भी राज्यपाल जी को जानकारी दी।

बैठक में सोसाइटी के अन्य प्रतिनिधियों में उपसभापति श्री अखिलेन्द्र शाही, कोषाध्यक्ष डा0 अरूण कुमार सिंह सहित सभी 75 जनपदों से चयनित सदस्य एवं अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

——————

सीमा गुप्ता–सूचना अधिकारी
8318116361